(b) Pakistan has been acquiring sophisticated weapons from a number of countries, including China.

(c) and (d) Government continue to keep a close watch on all developments *having a bearing on the country's security* and to take appropriate counter-measures.

गिल्ड आफ सर्विस एसोसिएशन और वार विडोज एसोसिएशन को अनुदान

1409. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान गिल्ड आफ सर्विस और वार विडोज एसोसिएशन को उनके प्रत्येक कार्यक्रम के लिये केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड/कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुदान के रूप में कितनी-कितनी राशि दी गई थी;

(ख) क्या यह सच है कि इन दोनों संस्थाओं का कार्य संचालन एक ही व्यक्ति द्वारा किया जाता है जोकि व्यावहारिक नहीं है; और

(ग) यदि हां, तो उपर्युक्त अवधि के दौरान उन केन्द्रों और उक्त संस्थानों से लाभांवित होने वाले व्यक्तियों का ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में युवा कार्य और खेल तथा महिला और बाल विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट अल्वा): (क) और (ग) केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड द्वारा दी गई अनुदान राशि के संबंध में सूचना अनुपत्र में दी गई है [**देखिए** परिशिष्ट-149, अनुपत्र संख्या 77] कल्याण मंत्रालय द्वारा दी गई अनुदान राशि का ब्यौरा एकत्र किया जा रहा है।

(ख) संस्थानों का कार्य संचालन संबंधित कार्यकारी समितियों द्वारा किया जाता है।

दिल्ली केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के कल्याण अधिकारी के विरूद्ध भ्रष्टाचार के आरोप

1410. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड दिल्ली के कल्याण अधिकारी के विरूद्ध शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें उनके विरूद्ध भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये गये हैं और क्या इन शिकायतों की बड़े अधिकारियों की मिलीभगत से निचले स्तर पर ही दबाया जा रहा है;

(ख) यदि हां तो शिकायतों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस संबंध में उचित कार्यवाही करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में युवा कार्य और खेल तथा महिला और बाल विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट अल्वा): (क) यह सत्य है कि केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड को श्री पवन चोपड़ा के विरूद्ध निम्नलिखित संस्थाओं से शिकायतें प्राप्त हुई हैं, (i) शिव दुर्गा मंदिर कमेटी, सी० बी० 22, नया सीलमपुर, दिल्ली—110053 (शिकायत दिनांक 4-11-1986), (ii) ऊषा बाल सेवा सदन, एक्स—101, गली नं० 12, ब्रह्मपुरी, दिल्ली—110053 (शिकायत दिनाक 4-11-1986), (iii) राजगढ़ आदर्श शिक्षा समिति, गली नं० 4, राजगढ़, दिल्ली—110031 से शिकायत (दिनाक 16-11-1988) परन्तु यह सत्य नहीं है कि उपरोक्त शिकायतों को उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से नीचे के स्तर पर ही दिबा दिया गया था। इन सभी शिकायतों पर केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड द्वारा समय से कार्यवाही की गई थी।

(ख) (i) शिव दुर्गा मंदिर कमेटी ने अपनी शिकायत में कहा कि श्री पवन चोपड़ा 15-9-86, 22-9-86, 13-10-86 और 16-10-86 को संस्था का निरीक्षण करते समय पोषाहार कार्यक्रम से संबंधित संस्था का रिकार्ड अपने साथ ले गए और उन दस्तावेजों को वापिस